# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, बेरीनाग (पिथौरागढ़)

फोन नं0 – 05964–244117 फैक्स नं0 –05964–244622 ई–मेल–eepwdberinag@rediffmail.com

पत्रांक 1834 / 27सी दिनांक 13/10/2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,
पिथौरागढ़।

विषय : जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा गंगोलीहाट में मड़कनाली से सुरखाल पाठक मोटर मार्ग लम्बाई 5.00 किमी0 में पड़ने वाली वनभूमि 3.100 है0 वनभूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण। (प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/143612/2021)

सन्दर्भः भारत सरकार का पत्रॉक 8वी / यू0सी0पी0 / 06 / 91 / 2021 / एफ0सी0 / 788 दि0 28–9–2021

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त मोटर मार्ग का ऑन लाईन वनभूमि हस्तान्तरण नोडल अधिकारी देहरादून को प्रेषित किया गया था। भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रस्ताव आपत्ति में प्राप्त है। आपत्तियों का निराकरण विन्दुवार निम्नानुसार कर दिया गया है :–

| क्र. सं0 | भारत सरकार द्वारा माँगी गई सूचना | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावित मार्ग द्वारा लाभान्वित गॉव की स्थिति को के0एम0एल0 फाईल पर अंकित नहीं किया गया है। के0एम0एल0 फाईल के अवलोकन से प्रतीत होता है कि प्रस्तावित मार्ग के ऊपर एवं नीचे की ओर पूर्व निर्मित मार्ग की उपस्थिति प्रतीत होती है साथ ही आरम्भिक बिन्दु से Geo-referenced मानचित्र के alignment के बिन्दु क्र0 9 तक घने जंगल से गुजरता हुआ मार्ग भी पूर्व निर्मित प्रतीत होता है, जिसकी उपस्थिति के बाबत कोई भी टिप्पणी नहीं की गई है। राज्य सरकार उपरोक्तानुसार पूर्व निर्मित मार्गो की सही जानकारी प्रस्तुत करें तथा यदि कोई उल्लंघन (FC Act, 1980) हुआ है तो विस्तुत आख्या प्रस्तुत करें क्योकि लाभान्वित ग्राम पूर्व निर्मित मार्ग से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। अतः राज्य सरकार यथा स्थिति से अवगत कराने का कष्ट करें। राज्य सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त सभी बिन्दुओं को सम्मिलित करते हुये प्रस्ताव के औचित्य का विस्तृत स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का कष्ट करें। | प्रस्तावित मोटर मार्ग की KML file में लाभान्वित ग्राम अंकित कर दिया है संशोधित के0एल0एल0 फाईल ऑन लाईन अपलोड कर दी गई है। प्रस्ताव के औचित्य का विस्तृत विवरण 5–5 प्रतियों में संलग्न कर हार्ड कापी प्रपित की जा रही है। |
| 2 | CA हेतु चयनित स्थल के लिये online part-1. para-2 पर uploaded KML सही नहीं है जो त्रुटिवश diversion area के लिये ही upload कर दिया गया है। अतः राज्य सरकार सही KML upload करने का कष्ट करें। | CA हेतु चयनित स्थल की सही के0एम0एल0 file यथास्थान अपलोड कर दी गई है। |
| 3 | NPV की गणना dense forest category हेतु की गई है जबकि 0.4 density Moderately Dense forest category की होती है राज्य सरकार से अनुरोध है कि यथानुसार NPV को सही कर प्रस्तुत करें। | NPV की सही गणना कर प्रपत्र यथास्थान online अपलोड कर दिया है। हार्ड कापी 5–5 प्रतियों में संलग्न कर प्रेषित की जा रही है |
| 4 | Tree enumeration से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि क्या 0–10 cm Diameter के वृक्ष दिये गये enumeration में सम्मिलित किये गये है या नहीं। राज्य सरकार से अनुरोध है कि इन वृक्षों को सम्मिलित करते हुये details को सही करें। | 0–10 व्यास वर्ग के वृक्षों की गणना कर वृक्षों की सूची यथास्थान online अपलोड कर दी गई है। हार्ड कापी 5–5 प्रतियों में संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। |

कृपया प्रस्ताव में अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय

[signature]

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 बेरीनाग

# प्रस्ताव के औचित्य का विस्तृत विवरण

जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र गंगोलीहाट में माननीय मुख्यमंत्री घोषणा सं0 1282/2015 के अन्तर्गत मड़कनाली सुरखाल पाठक मोटर मार्ग निर्माण के प्रथम चरण की स्वीकृति शा0सं0 428/III(2)/16–24 (मु0म0घो0)/2015 दिनांक 23.01.2016 से 5.00 किमी0 लम्बाई हेतु रू0 59.00 लाख की प्राप्त है। प्रस्तावित मोटर मार्ग निर्माण हेतु 3.100 हे0 वनभूमि का प्रस्ताव संख्या 143612/21 दिनांक 06.07.2021 को ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है। उक्त प्रस्ताव भारत सरकार के प0 स0 8बी/यू0सी0पी0/06/91/2021/एफ0सी0/788 दिनांक 28.09.2021 से चार बिन्दुओं पर आपत्ति में प्राप्त है।

बिन्दु सं0 1– के अनुपालन में अवगत कराना है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग इस खण्ड द्वारा पूर्व में निर्मित गंगोलीहाट मड़कनाली मोटर मार्ग लम्बाई 3.600 किमी0 मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु से दायी ओर से प्रारम्भ होती है। उक्त अन्तिम बिन्दु से एक और मोटर मार्ग पी0एम0जी0एस0वाई0 द्वारा बांयी ओर ग्राम भामा तक निर्मित है। भारत सरकार के निर्देशानुसार संशोधित K.M.L. File तैयार कर On line upload कर दी गयी है।

बिन्दु सं0 2 – C.A. हेतु चयनित स्थल की सही K.M.L.फाइल On line upload कर दी गयी है।

बिन्दु सं0 3– N.P.V. की सही गणना कर प्रपत्र On line upload कर दिया गया है।

बिन्दु सं0 4– 0–10 व्यास वर्ग के वृक्षों को सम्मिलित करते हुए वृक्षो की सूची On line upload कर दी गयी है।

इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि स्थानीय जनता विगत 85 दिनों से कमिक अनशन में बैठी है, कृपया प्रस्ताव में सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत करने की कृपा करें।

(इं0 बी0के0सिन्हा)
अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0,बेरीनाग।

सेवा में,

श्रीमान अधिशासी अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग कार्यालय बेरीनाग
पो0 एवं0 तह0 बेरीनाग, जिला : पिथौरागढ़, उ0ख0

विषय : 12 जुलाई 2021 से मड़कनाली सुरखाल पाठक मोटर मार्ग निर्माण के लिए कमिक अनशन कर रहे ग्रामीणों की मॉग नहीं मानने विषयक।

महोदय,

विनम्र यह प्रस्तुत करना है कि मड़कनाली से सुरखाल पाठक तक मोटर मार्ग की घोषणा वर्ष 2014–15 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जी ने की थी। बेलपट्टी क्षेत्र की जनता उक्त मोटर मार्ग निर्माण हेतु पिछले 87 दिनों से अनिश्चित कालीन कमिक अनशन पर गंगोलीहाट तहसील मुख्यालय के निकट बैठे है। उपरोक्त मोटर मार्ग के लिए पिछले 20 वर्षों से ग्रामीण मॉग करते आ रहे हैं। बेलपटटी क्षेत्र के लोगों को अपनी रोजमर्रा की जरूरत के लिए हर रोज गंगोलीहाट आना पड़ता है। गंगोलीहाट में मुख्य बाजार, तहसील कार्यालय, डीग्री कालेज, विकास खण्ड कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ चिकित्सालय एवं अन्य सरकारी कार्यालय आदि गंगोलीहाट में स्थित हैं। वर्तमान में जो भी मोटर मार्ग बेलपटटी क्षेत्र में महजूद हैं। उनका कोई विषेश लाभ जनता नहीं ले पा रही है। जैसे की सुरखाल पाठक से गंगोलीहाट की मोटर मार्ग दूरी 46 कि0मी0 है। जबकी पैदल मार्ग मात्र 15 कि0मी0 है वही अगर गानुरा की बात करें तो मोटर मार्ग से दूरी 35 कि0मी0 है वहीं पैदल मार्ग 06 कि0मी0 है। बुंगली से गंगोलीहाट मोटर मार्ग 75 कि0मी0 है जबकि पैदल मार्ग 22 कि0मी0 है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण की सर्वेकार्य पूर्व में भी हो चुका था जो कि मड़कनाली से गानुरा – सुरखालपाठक होते हुए खतीगॉव तक बननी थी। परन्तु कुछ लोगों की मिलीभगत के चलते यह मोटर मार्ग घराड़ी कुण्ड से अनरगॉव होते हुए गानुरा सरहद तक ही कट पायी है। ततकालीन मुख्यमत्री जी को क्षेत्रीय लोगो ने एक इस मोटर मार्ग का विरोध ज्ञापन भी दिया था जिसे दैनिक जागरण ने 22 अक्टूबर 2010 को छापा था। कापी संलग्न है। इस मोटर मार्ग के निर्माण से बेलपटटी क्षेत्र के राजस्व गॉव गानुरा, चमलेख, सुरखाल पाठक, सुरखाल साहु, सुरखाल सुगड़ा, बनेलागॉव, सुनखोला, खतीगॉव, सरकाण्डे, पाली पत्याल, बुंगली तथा सुगड़ी एवं इसी क्षेत्र के अग्रांकित तोक शौकाचूर, घूणा, बेटगाड़ा कोलिया, गाड़में, तल्ली कोलिया, मालटाना, मल्ली सुरखाल, मल्यूर, घराड़ी, सिनलेख, मालछाना, लेख, पोखरी खाल, पाली छाना, चौड़ा एवं बालेख आदि गॉवों के लगभग 7000 से अधिक आबादी लाभांन्वित होती है। तथा यह भी अवगत कराना है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग के बनने से गंगोलीहाट – गानुरा मात्र 06 कि0मी0, सुरखाल पाठक 15 किमी0 की दूरी करनी होगी। जिससे लोगों का समय, धन व सरकार के ईधन की बचत होगी। अति दुर्गम पहाड़ी पैदल मार्ग होने के कारण आज तक 12 लोग अपनी जान गवा चुके हैं जिसमें 03 स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। दुर्गम क्षेत्र होने के कारण उपरोक्त गॉवों में स्वास्थ सुविधा नहीं है गर्भवती महिलाओं व बिमार लोगों को 08 से 10 कि0मी0 खड़ी चढाई में डोली के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र गंगोलीहाट लाना पड़ता है जो कि अति कष्टकारी व दुखदायी है। अभी तक शासन प्रशासन ने क्षेत्र के अनशनकारीयों की उपरोक्त मोटर मार्ग की मॉग को अनदेखा किया है। क्षेत्र के लोगों में काफी आकोश है। नेट के माध्यम से हमें ज्ञात हुआ है कि वर्तमान में हमारी उक्त मोटर मार्ग की फाईल रिजनल कार्यालय से आपत्ति के साथ अपने मूल स्थान लोक निर्माण विभाग कार्यालय बेरीनाग में वापस आ गयी है जो कि दुखद है। जिससे क्षेत्र की जनता में भ्रम की स्थिति पैदा होना स्वभाविक है क्योंकि विभागों के सभी स्तरों से उक्त मोटर मार्ग की फाईल राज्य सरकार के माध्यम से रिजनल कार्यालय पहुँच चुकी थी, उस पर आपत्ति दर्ज करना किसी न किसी की साजिस अवश्य लगती है जिस कारण आज क्षेत्र की जनता पुनः आपके माध्यम से यह अवगत कराना चाहती है कि यदि हमारी उपरोक्त एकमात्र मड़कनाली सुरखाल पाठक मोटर मार्ग निर्माण की मॉग सरकार यथाशीघ्र नहीं मानती है तो क्षेत्र की जनता निकट भविष्य में आमरण अनशन सहित अन्य कठोर से कठोर अप्रिय कदम उठाने को बाध्य होगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी आपके विभाग सहित शासन प्रशासन की होगी। धन्यवाद।

उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष

दिनॉक 06 अक्टूबर 2021

भवदीय,

अध्यक्ष
मड़कनाली सुरखाल पाठक मोटर मार्ग
निर्माण संघर्ष समिति मो0 न0 9536059107
एवं बेलपटटी क्षेत्र की समस्त जनता

प्रतिलिपि : स्थानीय प्रिंट मिडिया ।

प्रधान
ग्राम पंचायत-बनेला गॉव
वि0 ख0-गंगोलीहाट, पिथौरागढ़

कल्याण राम
जिला पंचायत सदस्य
19 सुगड़ी, गंगोलीहाट (पिथौरागढ़)